## संक्षिप्त

### बच्चों को स्वेटर का किया वितरण

**कोटपूतली।** कस्बे के दिल्ली जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित आशीर्वाद मेटरनिटी होम कृष्णा हॉस्पिटल द्वारा शनिवार को सर्दी के मौसम को देखते हुये आंगनबाड़ी केंद्र बंजारा बस्ती चुरी के बच्चों एवं झुग्गी झोपडियों में जरूरतमंदों को स्वेटर का वितरण किया गया। डॉ. सतीश यादव व डॉ. पूनम यादव द्वारा 51 बच्चों को स्वेटर वितरित किये गये। इस मौके पर प्रबंधक राजेन्द्र कसाना, एमडी लीलाराम यादव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता राजेश यादव, सहायिका मीना देवी, राजीविका से धोली देवी, संगीता, सुमन, मंजू, ममता, शारदा, पूजा, रूकमणी, मीरा, राजू देवी, लाडा देवी आदि मौजूद रहे।

### पदयात्रा हुई रवाना

**मालपुरा।** जन-जन की आस्था के केन्द्र मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम के दर्शनो के लिये शनिवार को मालपुरा से अयोध्या धाम के लिये पहली पदयात्रा रवाना हुई। माणक चौक बाजार गणेश मंदिर मे पूजा अर्चना के पश्चात रामभक्तो ने पदयात्री रामबाबू कांदला व भवानीशंकर केवट के हाथ मे धर्म ध्वज थमा पदयात्रा को रवाना किया। शहर के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरे पदयात्रियो का जगह-जगह पुष्पवर्षा से रामभक्तो ने भव्य स्वागत कर जय-जय श्रीराम के जयघोष लगाये। तकरीबन एक माह के अंतराल मे पैदल चलकर पदयात्री अयोध्या पहुंच मंदिर शिखर पर चढायेगें भगवा ध्वज।

### पौष खीचड़ा भोग उत्सव आज

**श्रीमाधोपुर।** मंदिर श्री गोपीनाथ जी का में रविवार को प्रात: 8:15 बजे से पौष खिचड़ा भोग उत्सव आयोजित किया जाएगा । मंदिर महंत मनोहर शरण दास ने बताया कि इस दिन 9.30 से 11:30 बजे तक हरि नाम संकीर्तन का कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा । महंत महाराज ने क्षेत्र वासियों से कार्यक्रम में भाग लेने का आग्रह किया है, साथ ही महंत श्री ने बताया कि इसी मंदिर में आगामी 12 जनवरी रविवार को रहते 8:15 बजे से आयोजित होने वाले पौष बड़ा भोग उत्सव की तैयारी भी जोर शोर से की जा रही है।

### एनएसएस शिविर का आयोजन

**कोटपूतली।** कस्बे के डाबला रोड़ स्थित राजपूताना कॉलेज में शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों ईकाईयों के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। स्वयंसेवकों ने संस्था परिसर में साफ-सफाई कर श्रमदान किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी ताराचन्द सैनी, एस. के. शर्मा व नीरू सैनी ने श्रमदान का महत्व बताते हुये विद्यार्थियों को सतत प्रयत्नशील रहने का संदेश दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में स्वयंसेवक मौजूद रहे।

### प्रतिभा को मिली पीएचडी की उपाधि

**मालपुरा।** मालपुरा शहर के पुरानी तहसील निवासी सीनियर नर्सिंग ऑफिसर सीताराम कनोजिया की सुपुत्री प्रतिभा कनोजिया को कोटा विश्वविद्यालय ने पीएचडी की उपाधि प्रदान की। प्रतिभा ने अपना शोध कार्य सुधा अरोडा के कथा साहित्य का स्त्री अस्मिता के संदर्भ मे आलोचनात्मक अध्ययन विषय पर प्रोफेसर विवेक कुमार मिश्रा के निर्देशन मे पूर्ण किया। पूर्व पार्षद सौरभ कनोजिया सहित परिवारजनो व शिक्षाविदो ने प्रतिभा को बधाई दे उज्जवल भविष्य की कामना की।

### सांभर की छात्राओं ने बाजी मारी

**सांभरझील ।** युवा बोर्ड एवं खेल मंत्रालय की ओर से आयोजित जिला व संभाग स्तरीय युवा महोत्सव कार्यक्रम में सांभर की दो होनहार बालिकाओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बाजी मारी। हिमांशी ने भीत्ति चित्र व जान्हवी शर्मा ने कृषि उत्पाद में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को जिला व संभाग स्तरीय कार्यक्रम में मोमेंटो, नकद राशि और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस उपलब्धि पर स्कूल स्टाफ व सांभरवासियों ने विद्यार्थियों को बधाइयाँ दी।

### आईजी का सम्मान किया

**दूदू ।** निकटवर्ती बिचून कस्बे के ठिकाने में जन्म लेकर ग्रामीण अंचल मैं पढ़ाई कर कहावत है कि ग्रामीण क्षेत्र में छिपी प्रतिभाओं को उभरने का मौका मिलना चाहिए को चरितार्थ कर आज पुलिस सेवा में पुलिस महानिरीक्षक के पद पर पहुंचकर क्षेत्र व परिवार जनों का नाम रोशन किया से गांव एवं आसपास के लोगों में खुशी का माहौल है।

# ‘खेती के साथ-साथ शिक्षा क्षेत्र में नये आयाम स्थापित कर रहा है समाज’



धाकड़ समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह में 300 से अधिक प्रतिभाएं व भामाशाह हुए सम्मानित।

- ऊर्जा राज्यमंत्री नागर का समाज बंधुओ ने घोड़ी पर बैठाकर, डीजे. बैंडवादन, आतिशबाजी एवं पुष्प वर्षा से किया भव्य स्वागत

**चौरु/उनियारा।** अखिल नागर चाल धाकड़ समाज प्रतिभा सम्मान समारोह 2024 का आयोजन धाकड़ समाज सेवा समिति (कर्मचारी परिषद) 108 गांव की ओर से शनिवार कों बूँदी जिले के देई के पास डोकून गाँव तह. नैनवा में राजकीय उमावि परिसर में आयोजित हुआ।

सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुए ऊर्जा राज्यमंत्री व अ. भा. धा. म. राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष हीरालाल नागर ने कहा कि धाकड़ समाज मेहनती समाज है। धाकड़ समाज मुख्यत खेती पर ही निर्भर है। में भी किसान हूँ, ओर मैंने भी खूब खेती की है, किसान कभी कमजोर नहीं होता, किसान अन्नदाता है ओर अन्नदाता के घर में जन्म लेने वाला सौभाग्यशाली होता है, खेती के साथ साथ शिक्षा व व्यवसाय के क्षेत्र में नये आयाम स्थापित कर रहा है। अब समाज ने बालकों की शिक्षा के साथ बालिकाओं की शिक्षा पर भी ध्यान देने लगा है जिसका परिणाम भी आज हमारे सामने नजर आ रहा है। हमारी बालिकाए बालकों से किसी भी क्षेत्र में कमजोर नहीं है। इसलिए समाज बंधुओ से अपील है की बच्चों के समान ही लड़कियों कों भी आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करें। शिक्षा की दुनिया मे कदम रखा है। शिक्षा भी एक मंदिर है। हर क्षेत्र में धाकड़ समाज की विशेष पहचान बनी है। शिक्षा भी धर्म से कम नही है। सभी को बराबरी का अधिकार शिक्षा से ही मिलता है। जनप्रतिनिधियों की सोच न्याय प्रिय होनी चाहिए। विशिष्ट अतिथि नरेन्द्र धाकड़ (पूर्व विधायक खानपुर झालावाड़), हेमराज धाकड़ (प्रदेशाध्यक्ष), अ.भा.धा.म. राजस्थान), कन्हैयालाल धाकड़ (पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अ.भा.धा.म.), पदम धाकड़ (प्रधान पं.स. नैनवाँ), रमेश धाकड़ (अध्यक्ष नागरचाल 108 गाँव), भैरूप्रकाश धाकड़ (सहायक निदेशक महिला अधिकारीता बून्दी), डॉ. प्रहलाद धाकड़ (प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष जनरल मेडिसन जयपुर), डॉ. लक्ष्मीप्रकाश धाकड़ ( नैनवाँ), बूँदी जिलाध्यक्ष बद्री लाल धाकड़, समारोह की अध्यक्षता सीमा शुल्क विभाग के उपायुक्त बुद्धिप्रकाश धाकड़ ने की। समारोह को पूर्व विधायक नरेंद्र नागर ने सम्बोधित करते हुए समाज को एक जुट होने की बात कही। समारोह को सीमा शुल्क विभाग के उपायुक्त बुद्धिप्रकाश धाकड़ व प्रहलाद धाकड़, एसोसिएट प्रोफेसर विभाग जयपुर ने सम्बोधित करते हुए धाकड़ समाज के बालक-बालिकाओं को जयपुर में आर ए एस की निशुल्क कोचिंग करवाने की बात कही, वक्ताओं ने कहा कि भामाशाह आगे बढ़कर समाज के वंचित लोगों को सही दिशा देकर उन्हें आगे बढ़ाने का कार्य करें।

### वाहन के लगाएं रेडियम रिफ्लेक्टिव टेप

**सिकराय** (निसं)। उपखंड के सिकंदरा में जयपुर-महवा टोल प्लाजा पर शनिवार को सड़क सुरक्षा अभियान के तहत टोल प्लाजा के अधिकारियों व पुलिस द्वारा वाहन चालको को जागरूक किया गया ।सिकंदरा थाना प्रभारी सुणी लाल मीना ने वाहनों के रेडियम रिफ्लेक्टिव टेप लगाकर अभियान का शुभारंभ किया। सिकंदरा टोल प्लाजा प्रबंधक अनूप शर्मा ने बताया कि सड़क सुरक्षा अभियान के तहत टोल प्लाजा से गुजरने वाले दुपहिया व चौपहिया वाहनों के रेडियम रिफ्लेक्टिव टेप लगाकर वाहन चालकों को टोल के अधिकारी जीएम महेंद्र पाल, प्रोजेक्ट मैनेजर आशीष चौरसिया, सिकंदरा प्लाजा मैनेजर वरुण प्रताप, इंसीडेंट मैनेजर विकास और पेट्रोलिंग अधिकारी मीठालाल सहित टोलकर्मियों ने वाहन चालकों को यातायात व सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी देते हुए वाहन चालकों को जागरूक किया हैं।

# न्यायाधीश ने मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



तालुका विधिक सेवा समिति बौंली के अध्यक्ष एवं विकास नेहरा ने हरी झंडी दिखाकर न्यायालय प्रांगण बौंली से रवाना किया।

**बौंली-बामनवास।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर के तत्वावधान में संचालित विधिक सहायता एवं सचल लोक अदालत मोबाइल वैन संख्या आरजे 14 पीसी 7573 को 4 जनवरी 2025 शनिवार को तालुका विधिक सेवा समिति बौंली के अध्यक्ष एवं (वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट) विकास नेहरा द्वारा हरी झंडी दिखाकर तालुका न्यायालय प्रांगण बौंली से रवाना किया।

इस अवसर पर जिला विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष विकास नेहरा ने उपस्थित अधिवक्तागणों व आमजनों को बताया कि मोबाइल वैन का संचालन सवाई माधोपुर जिला मुख्यालय के गांव -गांव ढाणी -ढाणी तक आगामी दो दिवसों तक किया जाएगा इस दौरान प्रथम दिवस 4 जनवरी को तालुका प्रांगण बौंली से मामडोली, कोडियाई, मिस्कीनपुरा, पीपलदा, जस्टाना, टोंड, बाढ़ बरियारा, निमोद, मलारना चौड, रसूलपुरा, एवं भाडोती तक। इसी प्रकार 6 जनवरी सोमवार को तालुका प्रांगण बौंली से लाखनपुर बपूई, कोलाड़ा, कुशलपुरा, मित्रपुरा, मोरण व बागडोली रोड पर मोबाइल वैन का संचालन किया जाकर विधिक सेवा योजनाओं व आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार प्रसार किया जाएगा।

मोबाइल वैन द्वारा नालसा,व रालसा द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं अवेचरनेस माड्यूल फॉर सीनियर सिटीजन, पोश एक्ट, बाल विवाह रोकथाम एवं आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी राजानामे के माध्यम से अपने प्रकरणों का अधिकाधिक निस्तारण करने के संबंध में पोस्टर व पंपलेट का वितरण कर प्रचार प्रसार किया जाएगा।

# ‘राष्ट्रीय सेवा योजना शर्म नहीं श्रम करने का देती है संदेश’



राजकीय महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर में मौजूद स्वयंसेवक।

- राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के तहत निकाली जन जागरूकता रैली

**निवाई।** राजकीय महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिवस के प्रथम सत्र में स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं ने सामूहिक ईश वंदना, योग व व्यायाम करते हुए लोकमंगल की कामना व्यक्त की। प्रार्थना सत्र के पश्चात श्रमदान सत्र में स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं ने सामूहिक रूप से साफ सफाई कर स्वच्छता का परिचय दिया। महाविद्यालय परिसर के बाहर कंटीली झाडिय़ों को साफ कर पौधों की क्यारियों का सृजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी सुमन ने विद्यार्थियों को सफल जीवन जीने के गुर सिखाते हुए बताया कि मन को नियंत्रित रखने के लिए अभ्यास, रुचि एवं लक्ष्य के प्रति समर्पण आवश्यक है।

किसी भी कार्य में मन नहीं लगने पर हमें विचलित नहीं होना चाहिए। अपितु अभ्यास के द्वारा निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सैनिक यदि सीमा पर मुस्तेद रहकर राष्ट्र की रक्षा करते हैं तो राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक और स्वयंसेविकाएं राष्ट्र के अंदर सामाजिक जागरूकता का कार्य करके राष्ट्र की सेवा करते हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना शर्म नहीं श्रम करने का संदेश देती है। जागरूकता रैली का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य डॉ दीपकराज जैन ने हरी झंडी दिखाकर किया।

जन जागरूकता रैली महाविद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर 80 फीट रोड से होते हुए ढ़ाणी जुगलपुरा के मुख्य मार्गों से होते हुए महाविद्यालय परिसर तक पहुंची। रैली का मुख्य उद्देश्य बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, दहेज प्रथा बंद करो, नारी शिक्षा, बुजुर्गों के सम्मान, स्वच्छ भारत सुंदर भारत, पेड़ लगाओ पेड़ बचाओं आदि नारों के साथ समाज को जागरूकता का संदेश दिया। बौद्धिक सत्र में अधिवक्ता शिप्रा शर्मा ने मानवाधिकार विषय पर व्याख्यान में बताया कि हमें अधिकारों के साथ कर्तव्य का भी पालन करना चाहिए।

### ‘सम्मान से उत्साह वर्धन पैदा होता है’

**मनोहरपुर ।** नाथू लाल सैनी ब्लॉक बी अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी शाहपुरा के मुख्य आतिथ्य व रामनिवास यादव सरपंच बिशनगढ़ की अध्यक्षता और राम नारायण यादव सरपंच प्रतिनिधि उदावाला, हनुमान सहाय यादव सेवानिवृत्ति प्रधानाचार्य, राजू बाड़ीगर, बनवारी यादव, महेश जड़वाल,सजन यादव, दिनेश यादव अध्यापक मनोज यादव अध्यापक प्रेम यादव हनुमान चितोसिया, अध्यापक राजू खोस्या, शिंभू बाड़ीगर अध्यापक हरफूल चौधरी, संचालक प्रेम यादव,निदेशक धोलू राम यादव व मनोज यादव के विशिष्ट आतिथ्य में पिंक सिटी लाइब्रेरी मनोहरपुर में चयनित अभ्यर्थियों का सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजन किया गया।

नाथू लाल सैनी ने कहा कि सम्मान से उत्साह वर्धन होता है सम्मानित होने वाले का रोम रोम खुश हो जाता है और उसमें अत्यधिक निखार पैदा होता है इसी के साथ वह जोश के साथ में कार्य करने लगता हैं।

रामनिवास यादव ने कहा कि शिक्षा ही सर्वांगीण विकास का मूल मंत्र है ! राम नारायण यादव सरपंच प्रतिनिधि उदावाला ने कहा कि आपसी प्रेम स्नेह व भाईचारा बनाए रखे। जानकारी के अनुसार विगत वर्ष में पिंकसिटी लाइब्रेरी से 49 सलेक्शन हुए जिनमे से अध्यापक ग्रेड 3 में 25, ग्रेड 2 में 8 ग्रेड 1 में 3, में 2, मेंस में 3, नर्स ग्रेड 2 में 2, में 2, में 2 राजस्थान पुलिस में 2 के चयन हुआ है !

चयनित विद्यार्थियों में से संजय यादव सन ऑफ रामकरण यादव अध्यापक मधु मीना पुत्री सूरजमल मीणा अध्यापिका सीमा यादव पुत्री देवी सहाय यादव एमबीबीएस शिवदान यादव सन ऑफ मालीराम यादव अध्यापक प्रशांत यादव सन ऑफ हनुमान सहाय यादव अध्यापक जयकिशन हलदुनिया, सन ऑफ दयानंद अध्यापक कृष्ण कुमार यादव सन ऑफ रामकरण यादव मुकेश वर्मा सन ऑफ शंकर लाल वर्मा जूनियर अकाउंटेंट राकेश कुमार यादव सन ऑफ साधुराम यादव जूनियर अकाउंटेंट कृष्णपाल यादव सन ऑफ रामेश्वर प्रसाद अध्यापक रामकिशोर यादव सन ऑफ रामजी लाल यादव, अध्यापक बॉबी यादव पुत्री रमेश कुमार यादव आदि चयनित विद्यार्थी का सम्मान किया गया। इस अवसर पर मजदूर नेता अब्दुल अज़ीज़ लोहानी का भी स्वागत किया गया

# मकर सक्रांन्ति पर्व को लेकर बाजारों में दिख रही रौनक




मकर संक्रांति का पर्व पतंगों की दुकानें सज गई है।

**पावटा।** मकर संक्रांति का पर्व 14 जनवरी को मनाया जाएगा। पर्व के नजदीक आते ही रंग-बिरंगी पतंग खरीदने के लिए बच्चों के चेहरों पर उत्साह नजर आ रहा है। साल 2025 का सबसे पहला पर्व मकर सक्रान्ति की खुशियां बांटने के लिए पावटा कस्बे सहित क्षेत्र के लोग पूरी तरह से तैयार है।

मकर संक्रांति की उमंग में जहां तिल-गुड़ की सामग्री से बनी वस्तुओं के साथ ही रेवड़ी, गजक और मूंगफली की खुशबू से बाजार महक रहे हैं। वहीं जगह-जगह पतंगों की दुकानें सज गई है। जिंदादिली के दर्शाने का यह त्योहार प्रेम और सौहार्द की प्रतीक माना गया है। इन दिन हिंदू परंपरा के अनुसार लोग अपने बुर्जगों को वस्त्र आदि भेंट कर आर्शीवाद प्राप्त करते हैं। इसके अलावा गायों का चारा, बांट, गुड खिलाकर पुण्य कमाया जाता है। शहर व आस पास क्षेत्र में गौशालाओ में इस दिन धर्मावलंबी लोग गायों को चारा पानी डालकर धर्म का काम करते हैं। इस दिन बच्चे युवा यहां तक महिलाएं भी पतंग उडाकर परंपरा को आगे बढ़ाते हैं। मकर संक्रांति पर्व को लेकर कस्बे में कई जगह पतंगों की दुकानें सज गई है। मुख्य बाजार, चमत्कारी चोराहा सहित सीताराम बाजार सहित कस्बे में कई जगह पर पतंगों की दुकानें सज गई हैं। पतंग विक्रेता सीताराम टांक, हीरालाल टांक, योगेश शर्मा, महेश शर्मा ने बताया कि त्योहार को लेकर बीते कुछ दिनों से अच्छी खरीदारी चल रही है। हालांकि, बीते वर्षों में पतंगबाजी का शौक आधा हो गया है। पहले तो हजारों की तादाद में पतंग की बिक्री होती थी। उम्मीद है कि इस बार पतंग की मांग और ज्यादा बढ़े। त्योहार आते ही पतंग की मांग बढ़ गई है। साथ ही मेरठ व बरेली का मांझा ज्यादा बिक रहा है। दो दिन में बिक्री काफी तेज हो गई है। इसके अलावा मेरठ और बरेली के मांझे के साथ ही कॉटन मांझे की ज्यादा मांग है।

०कई दिन पहले से ही पतंगों का स्टॉक कर लिया है। कार्टून चित्र वाले पतंग बच्चों की पहली पसंद हैं। इसमें भी पन्नी की पतंग अधिक बिकती है। ये पतंग कागज से बनी पतंग से सस्ती होती है। तीन रुपये में पन्नी की पतंग आ रही है, जबकि कागज की पांच रुपये की पड़ती है। बच्चे अपने पसंद के कार्टून वाले पतंग खरीद रहे हैं। इस समय डोरीमोन, मिक्की माउस, छोटा भीम, बिल्ली आदि बने पतंग की मांग है। दुकानदारों को उम्मीद है कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पर्व के पहले खरीददारों की भीड़ रहेगी। मकर संक्रांति को एक सप्ताह शेष है ऐसे में पतंगबाजी ने जोर पकड़ लिया है। छतों पर वो काटा, वो मारा का शोर सुनाई देने लग गया है। बच्चों से लेकर तक युवाओं सभी में पतंगबाजी को लेकर जोश है। लोगो में मोदी, विराट कोहली और तिरंगे तो वहीं बच्चो में कार्टून मोटू पतलू, डोरेमोन, स्पाइडर मैन और न्यू इयर की पतंगों का क्रेज ज्यादा है। वहीं कुछ युवाओं ने पतंगबाजी करते समय चाईनिज मांझे के प्रयोग नहीं कर पक्षियों को बचाने का संदेश दिया है।

### यातायात नियमों की जानकारी दी

**अलवर ।** प्रादेशिक परिवहन अधिकारी सतीश कुमार ने बताया कि परिवहन एवं सडक विभाग द्वारा ‘अलवर परवाह’ की थीम पर 31 जनवरी तक आयोजित राष्ट्रीय सडक सुरक्षा माह 2025 के चौथे दिन आज परिवहन विभाग के द्वारा यातायात नियमों की जानकारी व प्रवर्तन संबंधित कार्रवाई की।

उन्होंने बताया कि विभाग के उडन दस्ता प्रभारी शैलेन्द्र कुमार वर्मा द्वारा प्राइवेट बस स्टैण्ड बहरोड पर कैम्प आयोजित कर 85 से अधिक हल्के एवं भारी वाहन चालकों एवं परिचालकों को सडक एवं यातायात नियमों संबंधी जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक खैरथल-तिजारा मनीष चौधरी, पुलिस उपाधीक्षक राजेन्द्र निर्वाण, थानाधिकारी किशनगढबास जितेन्द्र शेखावत, परिवहन निरीक्षण दुलारी एवं अमित भारद्वाज द्वारा पापडी टोल प्लाजा तिजारा रोड पर लगभग 200 आम नागरिकों को सडक सुरक्षा, प्राथमिक चिकित्सा एवं गुड सेमेरिटन नियमों की जानकारी दी तथा 200 पम्पलेट वितरित किए गए। साथ ही ट्रेफिक पुलिस एवं परिवहन उडन दस्तों द्वारा विभिन्न श्रेणी के 22 वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाई।

## सार-समाचार

### तकनीकी समस्या पर व्यवस्थापकों का बहिष्कार



**सांभरझील,** (निसं)। ऋण पोर्टल सुचारू रूप से कार्य नहीं करने पर यहां के व्यवस्थापकों ने कार्य का बहिष्कार किया। बताया कि किसानों का बार-बार सहकारी समिति पर आना तथा कार्य नहीं होने के कारण किसानों द्वारा समिति व्यवस्थापक को बुरा भला बोलते है तथा किसानों के रुपए डबल जमा हो जाता है जिसकी जानकारी व्यवस्थापको को नहीं होती है। जब तक ऋण पोर्टल एफआईजी सुचारू रूप से कार्य नहीं करेगी शाखा सांभर लेक के समस्त समिति के व्यवस्थापको के द्वारा कार्य का बहिष्कार रखा जएगा। समस्या के निवारण के लिए अधिकारी को ज्ञापन दिया गया।

### 64वां स्थापना दिवस मनाया

**मालपुरा।** केन्द्रीय भेड एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर का शनिवार को 64वां स्थापना दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। समारोह मे मुख्य अतिथि डॉ. संजय कुमार चैयरमेन,कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल नई दिल्ली व भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के विभिन्न संस्थानो के निदेशको ने भाग लेते हुये केक काट अविकानगर संस्थान का 64वां स्थापना दिवस मनाते हुये अविकानगर संस्थान निदेशक डॉ. अरूण कुमार तोमर को बधाई दी। समारोह मे राजस्थान सहित हिमाचल प्रदेश,मध्य प्रदेश व देश के अन्य प्रदेशो से तकरीबन 6०० से अधिक बडी संख्या मे पहुंचे वैज्ञानिक व किसानो ने अनुसुचित जाति एवं जनजाति कृषक संवाद कार्यक्रम मे शिरकत की। डॉ. तोमर ने बताया कि अविकानगर मे भेड,खरगोश व सिरोही नस्ल की बकरी सहित उन्नत नस्ल के पशुओं का हर साल देश मे कोने-कोने मे वितरण किया जा रहा है व प्रदर्शनियां लगाई जा रही है। निदेशक द्वारा अतिथियो को अविकानगर संस्थान परिसर के दुम्बा भेड,खरगोश,अविशान भेड,मालपुरा भेड,पाटनवाडी भेड, के साथ गरोल भेड के पशुओं की प्रदर्शनी का अवलोकन करवाया गया। चैयरमेन कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल डॉ. संजय कुमार ने संस्थान के शोध कार्यो की प्रशंसा करते हुये देश मे पशु एवं उनसे बनने वाले उत्पादो के आधार पर शहरो मे मॉल जैसे शीप मॉल बनाने के लिये अविकानगर निदेशक डॉ. तोमर को सुझाव दिया तथा संस्थान के वैज्ञानिको को किसानो को किताब समझकर कार्य करने की प्रेरणा दी।

### सुनीता को अवार्ड से नवाजा

**श्रीमाधोपुर।** भारतीय दलित साहित्य अकादमी महिला प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष हेमलता कांसोटिया तत्वाधान में आयोजित छठवाँ सावित्रीबाई फूले एवं फातिमा शेख सम्मान समारोह में कल्याणपुरा निवासी श्रीमती सुनीता छिछोलिया को " समता शक्ति सम्मान, 2025 अवार्ड " से नवाजा गया। कार्यक्रम अर्चना शर्मा (पूर्व प्रवक्ता) की अध्यक्षता व अकादमी राष्ट्रीय सचिव बाबूलाल निर्मल व प्रदेश महासचिव बनवारी लाल मेहरड़ा के नेतृत्व में साइंस पार्क, जयपुर में सम्पन्न हुआ। आमेर प्राचार्य व पंचायत प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी डॉ. धर्मराज छिछोलिया, प्रियंका यादव मुख्य लेखाधिकारी, अकादमी जयपुर जिलाध्यक्ष लीलाधर वर्मा, नर्सिंग आधिकारी ललिता टांक , एडवोकेट सतीश कुमार, पत्रकार सुरेन्द्र हरसोलिया, महासचिव लीलावती वर्मा, किरण मेघवाल पीलीबंगा , सामाजिक कार्यकर्ता भोमाराम मेघवाल बाड़मेर , रमेश टांक परिवहन व्यवसायी के विशिष्ट आतिथ्य में 60 विशिष्ट महिला विभूतियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती सुनीता छिछोलिया ( प्रोपराइटर, आदि कलेक्शन, मुरलीपुरा स्कीम) को नारी सशक्तिकरण, स्वावलम्बन , सामाजिक जागरूकता तथा व्यवसायिक उपलब्धियों के फलस्वरूप यह सम्मान प्रदान किया गया। ज्ञातव्य है कि आप विविध क्षेत्रों में राज्यभर में कई बार पुरुस्कृत हो चुके है।

### उदयसिंह तंवर का स्वागत किया

**कोटपूतली।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम नारेहड़ा में शनिवार को अभिभाषक संघ अध्यक्ष एड. उदयसिंह तंवर का स्वागत किया गया। इस मौके पर तंवर ने कहा कि युवाओं को अपनी रुचि के हिसाब से खेल, कर्तव्य व कार्य से अपने देश व समाज का नाम रोशन करना चाहिये। उन्होंने युवाओं को बुरी संगत से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि कानून की बारीकियों को समझें और अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिये निरंतर मेहनत करें। इस मौके पर उनके साथ आये अधिवक्ताओं ने भी कानून, वकालत के साथ कोर्ट-कचहरी के अनुभवों को साझा किया। इस दौरान मोहन सिंह, संजय सिंह तंवर, पूरण सिंह, पवन सिंह, सन्तु सिंह, महिपाल सिंह, बबलू सिंह, विजय कुमार शर्मा, पूरणमल भारद्वाज, पप्पू सिंह, माल सिंह सूबेदार, रामसिंह, गिरधारी सिंह, मोहन सिंह व लक्ष्मण सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

**कोटपूतली।** कस्बे के श्रीमती पाना देवी मोरीजावाला राजकीय कन्या महाविद्यालय में शनिवार को पोस्टर एवं मॉडल मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुये प्राचार्य डॉ. आर. पी. गुर्जर ने कहा कि छात्राओं को अपनी प्रतिभा को रचनात्मक आयाम देते हुये निखारने की आवश्यकता है। इस तरह के आयोजन से छात्रायें अपना सर्वांगीण विकास कर सकती है। वरिष्ठ संकाय सदस्य बिशम्भर दयाल ने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुये ज्ञान एवं कौशल के अभिवर्धन की बात कही। प्रो. मनोज कुमार सैनी ने बताया कि प्रतियोगिताओं की थीम ज्ञान-विज्ञान एवं तकनीकी विकास के आधुनिक आयाम रखी गई थी। जिसमें छात्राओं ने उत्साह से भाग लिया। पोस्टर प्रतियोगिता में छात्रा कोमल जांगिड़ प्रथम, चंचल शर्मा द्वितीय व पूजा सैनी तृतीय स्थान पर रही। प्रो. विमल कुमार यादव ने बताया कि मॉडल मेकिंग में छात्रा खुशी सोनी प्रथम रही।

### गोदाम से माल किया बरामद

**गोविंदगढ़ /अलवर।** गोविंदगढ़ कस्बे में दिल्ली पुलिस द्वारा सीताराम मंदिर बाजार में दो व्यक्तियों को डिटेल किया गया दिल्ली पुलिस द्वारका सेक्टर 23 के हैड कांस्टेबल प्रमोद कुमार ने बताया कि एक बंद बॉडी पिकप चोरी का मामला उनके थाने में दर्ज हुआ था वाहन में कीमती सामान बताया गया था अनुसंधान में पता चला कि आरोपी गोविंदगढ़ में में ब्रेकरी की दुकान करते हैं इन लोगों ने चोरी की पिकअप से माल उतार कर अपने गोदाम व दुकान पर रख लिया पिकअप को खुर्द बुर्द कर दिया गया और वाहन में रखे कार्टूनों में महंगे ऑटो पार्ट्स थे जिनकी कीमत लाखों में थी आरोपियों को हिरासत में लेकर गोविंदगढ़ थाने लाया गया उनसे पूछताछ की गई उन्होंने माल गोदाम में बताया गया दिल्ली पुलिस गोदाम पर पहुंचकर माल को बरामद किया गया करवाई अभी जारी है

### राहुल ने चुना धर्म का मार्ग

**मालपुरा।** मालपुरा उपखण्ड क्षैत्र के अम्बापुरा गांव निवासी हरिशंकर अग्रवाल के पुत्र राहुल जैन ने युवा अवस्था मे सांसारिक मोह माया का त्याग कर जैन धर्म का मार्ग चुना। शनिवार को दिगम्बर जैन मंदिर नवीन मंडी मे राहुल जैन ने शांतिधारा कर प्रभु का आर्शीवाद लिया। मुनी श्री 1०8 सुधा सागर महाराज ससंघ के सानिध्य मे एमपी के सागर नगर मे राहुल मुनी श्री के संघ मे शामिल होगें तथा मुनी श्री के आदेश तक संघ मे रहकर जैन धर्म का प्रचार-प्रसार करेगें। शुभ घडी आने पर लेगें मुनी दिशा। अग्रवाल समाज अध्यक्ष ताराचन्द कठमाणा,प्रकाश चन्द पाटनी, कमल कुमार,महावीर प्रसाद,राजेन्द्र प्रसाद,त्रिलोक चन्द जैन सहित बडी संख्या मे मौजूद जैन समाज के महिला-पुरूषो ने राहुल को दी विदाई।

### शालीमार मालानी ट्रेन का समय पुनः परिवर्तन की मांग

**फुलेरा।** दैनिक रेल यात्री संघ एकीकृत फुलेरा के अध्यक्ष अशोक वासुदेव ने दैनिक रेल यात्रियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर रेलवे के उच्च अधिकारियों को एक मांग पत्र लिखकर शालीमार मालानी का समय परिवर्तन पुनः समय परिवर्तन के लिए मांग की है। गौरतलब है कि उक्त पत्र के माध्यम से रेलवे के वरिष्ठ मण्डल परिचालन प्रबन्धक विजय मीणा, अपर मण्डल रेल प्रबन्धक संजीव दीक्षित, मुख्य परिचालन प्रबन्धक रमेश वशिष्ठ (जीएम ऑफिस) को अवगत कराया गया।